पंजाब केसरी 25/02/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में कर्मचारियों के बीच हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता

अम्बाला, 24 फरवरी (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग ने महिला शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों (पुरुष वर्ग) के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह आयोजन कॉलेज के प्रतिष्ठित पी.सी. जोशी मैमोरियल ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी महिला कर्मचारियों एवं नॉन टीचिंग पुरुष कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल गतिविधियां न केवल कर्मचारियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को प्रगाढ़ करती हैं, बल्कि कॉलेज में एक सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण का निर्माण भी करती हैं।

प्रतियोगिता में महिला शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों ने बड़े जोश और उमंग के साथ भाग लिया। प्रारंभिक दौर से लेकर फाइनल तक कई रोमांचक मुकाबले देखे गए। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों को मनोरंजक क्षण प्रदान किए।

## प्रतियोगिताओं में यह रहे विजेता

फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान शिक्षण कर्मचारी महिला वर्ग डा. ज्योति। द्वितीय स्थान डा. शिखा जग्गी, तृतीय स्थान डा. अनुपमा सिहाग ने प्राप्त किया। जबकि सांत्वना पुरस्कार डा. रितु गुप्ता को मिला। इसी तरह, प्रथम स्थान नॉन टीचिंग कर्मचारी पुरुष वर्ग में गुंजीत, द्वितीय स्थान संजीव कश्यप, तृतीय स्थान विक्रम ने हासिल किया। जबकि सांत्वना पुरस्कार अंकित को मिला।

प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के कई वरिष्ठ शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख बृजेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक सुदृढ़ता और अनुशासन को भी बढ़ावा देता है।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिता नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, जिससे कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग और सौहार्द की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। स्टाफके सभी अन्य सदस्यों ने विजेता प्रतिभागियों को उनकी जीत पर शुभकामनाएं प्रेषित की।




*विजेताओं को पुरस्कृत करते कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त व साथ में अन्य।* (चंदमोहन)